0/

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

आदेश

दिनांक–2.4.2019 को बिहार कौशल विकास मिशन के निरीक्षण दल के द्वारा कुशल युवा का प्रशिक्षण केन्द्र भिमी इन्फोटेक एण्ड मैनेजमेंट इंस्टीच्यूट, डेहरी(रोहतास) KYP code 06060044 का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में इस केन्द्र पर फरवरी बैच के 8 प्रशिक्षणार्थी लैब रूम में पाये गये । जॉच के समय इस केन्द्र का 6 कंप्यूटर सिस्टम खराब पाया गया तथा यह सूचना प्राप्त हुई कि ये कंप्यूटर गत एक सप्ताह से खराब है । केन्द्र पर सिर्फ एक हीं Learning facilitator उपस्थित थे, जो लैब में थे । केन्द्र के निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि इस केन्द्र का क्लास रूम तथा सर्वर Ground floor पर है, जबकि इस केन्द्र का लैब Third floor पर अवस्थित है । क्लास रूम से लैब में जाने का रास्ता संकीर्ण है, जिसमें एक व्यक्ति से ज्यादा एक बार में नहीं जा सकता है । निरीक्षण दल के द्वारा यह प्रतिवेदित किया गया कि क्लास रूम तथा लैब अलग–अलग फ्लोर पर अवस्थित होने के कारण क्लास रूम से लैब में सभी प्रशिक्षणार्थियों को जाने में समय वर्बाद होने की पूर्ण संभावना बनती है ।

भिमी इन्फोटेक एण्ड मैनेजमेंट इंस्टीच्यूट, डेहरी(रोहतास) KYP code 06060044 पर पायी गयी इस अनियमितता के लिए एजेंसी से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–425 दिनांक–5.4.2019 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी । पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में भिमी इन्फोटेक एण्ड मैनेजमेंट इंस्टीच्यूट, डेहरी(रोहतास) KYP code 06060044 के द्वारा दिनांक–8.4.2019 को अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा यह उल्लेख किया गया कि उन्होंने स्पष्टीकरण में उठाये गये बिन्दुओं को गंभीरता से लेते हुए सभी कमियों को दूर कर लिया है । केन्द्र पर बिहार कौशल विकास मिशन के मापदंड के अनुसार Learning facilitator की नियुक्ति कर दी गयी है तथा केन्द्र के खराब कंप्यूटर को ठीक करा लिया गया है । अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा यह कहा गया कि क्लास रूम तथा लैब को एक साथ एक फ्लोर पर करने हेतु मकान मालिक से वार्ता हो चुकी है । भवन का निर्माण कर दोनों को एकसाथ कर लिया जायेगा । स्पष्टीकरण में यह कहा गया है कि भवन निर्माण के कार्य को छोड़कर अन्य सभी कार्य को तत्काल प्रभाव से पूरा करा लिया गया है । अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा केन्द्र को संचालित करने की अनुमति देने का अनुरोध करते हुए इस केन्द्र के नामांकन पर लगाये गये रोक को हटाने का अनुरोध किया गया है ।

भिमी इन्फोटेक एण्ड मैनेजमेंट इंस्टीच्यूट, डेहरी(रोहतास) KYP code 06060044 से प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं है । माह मार्च, 2018 में हीं कुशल युवा कार्यक्रम के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों को यह सूचना दे दी गयी थी कि किसी भी कुशल युवा के प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण के दौरान कम से कम दो Oncet certifie Learning facilitator का होना अतिआवश्यक है। कुशल युवा के प्रशिक्षण में एक बैच 20 प्रशिक्षणार्थियों का होता है तथा केन्द्र का 6 कंप्यूटर सिस्टम गत एक सप्ताह से खराब रहना इस बात का द्योतक है कि एजेंसी कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण संचालन के प्रति संवेदनशील एवं जागरुक नहीं है । प्रशिक्षण हेतु क्लास रूम एवं लैब अलग–अलग फ्लोर पर अवस्थित रहना भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति उदासीनता को दर्शाता है ।

Scanned by CamScanner

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में एजेंसी भिमी इन्फोटेक एण्ड मैनेजमेंट इंस्टीच्यूट, डेहरी(रोहतास) के स्पष्टीकरण को इस शर्त्त के साथ स्वीकृत किया जाता है कि जबतक उनके प्रशिक्षण केन्द्र का क्लास रूम तथा लैब एक फ्लोर पर स्थापित नहीं हो जाता है, तबतक इस केन्द्र का नामांकन अवरूद्ध रहेगा । उन्हें यह भी चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इनके किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर इनके सभी केन्द्रों को स्थायी रूप से बंद कर दिया जायेगा तथा इन्हें काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा ।

ह0/-
(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक– BSDM/SDM-18/2017- (खंड–1)-560 दिनांक-17/5/2019

प्रतिलिपि – 1.भिमी इन्फोटेक एण्ड मैनेजमेंट इंस्टीच्यूट, डेहरी(रोहतास) KYP code 06060044 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.श्री अनुपम नारखेड़े, Team Leader, MKCL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3.प्रबंधक(वित्त)बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी/मिशन निदेशक/प्रशासी पदाधिकारी/प्रबंधक कार्यक्रम क्रियान्वयन, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.जिला पदाधिकारी,रोहतास/जिला नियोजन पदाधिकारी,रोहतास/जिला कौशल प्रबंधक, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6. Project Director, SPMU /श्री रत्नदीप सिंह, मैनेजर MIS & Monitoring, SPMU /श्री रमण कुमार, मैनेजर SPMU/श्री धर्मेन्द्र सिंह यादव, SPMU को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

Scanned by CamScanner